# कृषि विज्ञान केन्द्र, सबौर, भागलपुर
## बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर

0641 – 2451186 Email : bhagalpurkvk@gmail.com


भाकृअनुप ICAR

पत्रांकः–15/कृ०वि०के०, भागलपुर दिनांकः–13/04/2026

## निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केंद्र, सबौर में वर्ष 2026–27 के लिए आम के 50,000 (पचास हजार) कलमी पौधे, अमरूद के 10,000 (दस हजार) एवं नींबू के 5000 (पांच हजार) कलमी/गूटी तैयार कराने हेतू निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र कृ० वि० के०, सबौर भागलपुर के कार्यालय से कार्य अवधि के दौरान रू० 5,000/–(पाँच हजार) रूपये प्रति निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है अथवा बिहार कृषि विष्वविद्यालय, सबौर के **वेबसाइट** https://bausabour.ac.in/ या कृषि विज्ञान केंद्र सबौर के वेबसाइट https://bhagalpur.kvk4 . in/ से डाउनलोड किया जा सकता है । डाउनलोड निविदा प्रपत्र के साथ उक्त प्रपत्र की राशि का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है। बैंक ड्राफ्ट **Krishi Vigyan Kendra Sabour** के **UCO Bank** के **Branch-Sabour** में देय होगा। निविदा प्रपत्र भर कर वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, सबौर, भागलपुर–813210 के कार्यालय में दिनांक–29/04/2026 के अपराह्न 5:00 बजे तक पंजीकृत डाक/कुरियर के माध्यम से भेजा जा सकता है। प्राप्त निविदा प्रपत्रों को समिति के सदस्यों के समक्ष अगले दिन 30 अप्रैल 2026 को खोला जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिए बिहार कृषि विष्वविद्यालय, सबौर या कृषि विज्ञान केंद्र सबौर के वेबसाइट **https://bausabour.ac.in** **https://bhagalpur.kvk4 . in** पर निविदा आमंत्रण सूचना देखा जा सकता है।

13/04/26

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान,
कृषि विज्ञान केन्द्र, सबौर, भागलपुर
बि०कृ०वि०, सबौर।

# कृषि विज्ञान केन्द्र, सबौर, भागलपुर
## बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर

0641 – 2451186 Email : bhagalpurkvk@gmail.com


वर्ष 2026–27 के लिये पत्रांकः– /वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, सबौर, भागलपुर दि०............के माध्यम से निर्गत निविदा सूचना में उद्धृत नियमों एवं शर्तो के आलोक में कृषि विज्ञान केन्द्र, सबौर, भागलपुर में आम के 50,000 अमरूद के 10,000 तथा नींबू के 5000 कलमी/गूटी पौधे तैयार करने के लिए मूल्य निर्धारण हेतु अलग–अलग फल पौधों के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है।

## निविदा प्रपत्र (तकनीकी)

निविदा प्रपत्र संख्या :–.......................................................................

1. निविदा दाता का नामः–.................................................................................................
2. पिता का नाम एवं स्थायी पताः–.......................................................................................
   .............................................................................................................
3. (अ) दूरभाष/मोबाईल नं० :–...........................................................................................
   (ब) ई–मेल आई॰ डी :– ...................................................................................................
4. नर्सरी का नाम एवं पंजीयन संख्या (छाया प्रति संलग्न करें) :–...........................................
   .............................................................................................................
5. नर्सरी का निबंधन सं0 / जी०एस०टी० संख्या :– ......................................................
6. स्वयं का नर्सरी चलाने का अनुभव का विवरणः–
   वर्षिक क्षमता.............................................................................................
7. स्रकारी/गैर सरकारी संस्थान में कार्य अनुभव है या नहीं (पौधा तैयार करने का तीन वर्षो का अनुभव प्रमाण पत्र का छायाप्रति संलग्न करें) :–.........................................................................
   ................
8. पिछले तीन वर्षों का आयकर रिटर्न (**Income Tax Return**) है या नहीं (छाया प्रति संलग्न करें) :– ..........................................................................................................
9. फोटोयुक्त पहचान पत्र की संख्या उद्धृत करें (आधार कार्ड एवं पैनकार्ड का स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)
   आधार संख्या :– ........................................................................................
   पैनकार्ड संख्या :– .....................................................................................
10. नोटरी पब्लिक द्वारा जारी शपथ प्रमाण पत्र संख्या (मूल प्रतिसंलग्न करें):–.......................
11. संलग्न अग्रधन राषि का ड्राफ्ट संख्या एवं तिथि :– .......................................................
    सभी प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति आवष्य संलग्न करें।

## घोषणा

प्रमाणित किया जाता है कि मेरे/फर्म द्वारा दिये गये समस्त सूचनाएँ सत्य है। असत्य पाये जाने पर निविदा प्रपत्र को रद्द करने का स्वतंत्र सर्वाधिकार कृ० वि० के०, सबौर को होगा ।

स्थानः–.........................................

तिथिः–.........................................

**निविदादाता का हस्ताक्षर**

# कृषि विज्ञान केन्द्र, सबौर, भागलपुर
## बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर

0641 – 2451186

Email : bhagalpurkvk@gmail.com

---

कृषि विज्ञान केंद्र, सबौर, भागलपुर में आम के 50,000 अमरूद के 10,000 तथा नींबू के 5000 कलमी/गूटी पौधे तैयार करने के लिए मूल्य निर्धारण हेतु अलग–अलग फल पौधों के लिए निविदा आमंत्रित किया जाताहै।

**निविदा प्रपत्र (वित्तीय)**

निविदा प्रपत्र संख्याः–.......................................................................

1. निविदादाता का नामः–........................................................................................................
2. पिता का नाम एवं स्थायी पताः–........................................................................................................
   ........................................................................................................................................
3. आम/अमरूद/नींबू का कलमी/गूटी पौधा तैयार करने का दर प्रति पौधः–
   (अ) अंकोमें ........................................................................................................................
   (ब) शब्दों में ........................................................................................................................

## घोषणा

प्रमाणित किया जाता है कि मेरे/फर्म द्वारा दिये गये समस्त सूचनाएँ सत्य है। असत्य पाये जाने पर निविदा प्रपत्र को रद्द करने का स्वतंत्र सर्वाधिकार कृषि विज्ञान केंद्र, सबौर को होगा।

स्थानः–..........................................

तिथिः–..........................................

**निविदादाता का हस्ताक्षर**

# कृषि विज्ञान केन्द्र, सबौर, भागलपुर
## बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर

0641 – 2451186

Email : bhagalpurkvk@gmail.com


निविदा के लिए आवश्यक नियम एवं शर्त :-

1. कलमी पौधे तैयार करने हेतू भूमि कृ० वि० के० सबौर द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।
2. कलमी पौधे तैयार कराने हेतू आवश्यक सामग्री यथा बीजू पौधे, पॉलीथीन बैग इत्यादि की आपूर्ति 31 जुलाई 2026 तक सुनिश्चित करना होगा।
3. लक्ष्य के आलोक में आपूर्ति कराये गये सभी आम के बीजू पौधों पर ग्राफ्टिंग कार्य कुशल कारीगरों द्वारा 30 सितम्बर 2026 तक पूर्ण कराना होगा।
4. अमरूद एवं निम्बू के कलमी पौधे गुटी विधि से तैयार किया जाएगा।
5. कलमी एवं गूटी पौधों के सुरक्षा का कार्य स्वयं निविदादाता को करना होगा।
6. कलमी पौधों के सिंचाई कार्य भी स्वयं निविदादाता को करना होगा। केंद्र सिर्फ बोरिंग से सिंचाई हेतू पानी उपलब्ध करायेगा।
7. कलमी पौधे तैयार करने हेतू आवश्यक शांकुर शाखा (Scion shoot) केंद्र में उपलब्ध मातृवृक्ष से लेना अनिवार्य होगा एवं केंद्र के आवश्यकतानुसार प्रभेदवार पौधे तैयार कराना होगा। जिसके लिए कार्यदिश निर्गत करने के उपरांत प्रभेदवार सूची एजेंसी को निर्गत किया जायेगा।
8. कलमी पौधा को पौधशाला के क्यारियों में 31 मार्च 2027 तक लगा देना होगा। पौधा लगाने के एक महिना बाद अप्रैल 2027 में कलमी पौधों की गिनती करायी जाएगी।
9. गिनती के समय आम के कलमी पौधों की ऊचाई कम से कम 2.5 से 3.0 फीट एवं गूटी पौधे अमरूद एवं निम्बू की उचाई 1.5 से 2 फीट होनी चाहिए। जिसमें कलमी पौधे में जुड़ाव बिन्दु फीट (Union point) से पौधे की ऊचाई कम से कम 1.0 (एक) फीट होना अनिवार्य है।
10. निर्धारित लक्ष्य से कम पौधा तैयार होने के स्थिति में कम पौधों के मूल्य (स्वीकृत दर) का 10 प्रतिशत समर्पित विपत्र से काटकर भुगतान किया जायेगा।
11. लक्ष्य से अधिक पौधा तैयार होने की स्थिति में अतिरिक्त (अधिकतम 20 प्रतिशत) कलमी एवं गूटी पौधे निर्धारित दर पर ही स्वीकार किया जा सकता है।
12. निविदादाता को पौधे तैयार करने की वार्षिक क्षमता एवं स्वयं के नर्सरी चलाने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। पूर्व में निर्गत कार्य आदेश के लिए पूर्णता प्रमाण पात्र देना होगा |
13. आम, अमरुद और नींबु के कलमी पौधा तैयार करने हेतू अग्रधन (Earnest money) 38,000 रुपये मात्र का बैंक ड्राफ्ट आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
14. चयनित / सफल निविदादाता का अग्रधन अधिगृहित करते हुए अन्य निविदादाताओं का अग्रधन चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत लौटा दिया जाएगा।
15. अग्रिम धन (Earmest money) का बैंक ड्राफ्ट KRISHI VIGYAN KENDRA, SABOUR के यूकों बैंक के सबौर शाखा में देय होगा।
16. नोटरी पब्लिक द्वारा जारी शपथ प्रमाण पत्र निविदादाता को संलग्न करना होगा कि कभी उन्हें काली सूची में नहीं डाला गया है तथा आदेशित संख्यानुसार पौधे की आपूर्ति ससमय उल्लेखित नियम एवं शर्त के अनुकूल कर दी जायेगी।

कृषि विज्ञान केन्द्र, सबौर, भागलपुर
बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर
0641 – 2451186
Email : bhagalpurkvk@gmail.com

17. निविदा को किसी भी स्तर पर बिना कारण दर्शाते हुए पूर्ण या आंशिक रूप से स्थगित / रद्द करने का अधिकार केंद्र को होगा।
18. सफल निविदादाता को कार्य आदेश मिलने के उपरांत कुल राशि के 10 प्रतिशत की दर से PBG (Performance Bank Guarantee) Senior Scientist & Head, KVK, Sabour के नाम से (अगले दो वर्षों तक के लिए वैध) जमा करना होगा | कार्य सफलता पूर्वक संपन्न करने के उपरांत PBG निविदादाता को वापस कर दिया जायेगा |
19. कलमी पौधों के मूल्य का भुगतान तीन किस्तों में की जायेगी।
    i. प्रथम किस्त निर्धारित मूल्य के अनुसार आपूर्ति किये जाने वाले कलमी पौधों के कुल कीमत का 25 प्रतिशत राशि का भुगतान प्रयाप्त संख्या में आम के बीजू पौधे ससमय उपलब्ध कराने के पश्चात 31 अगस्त 2026 में किया जाएगा ।
    ii. द्वितिय किस्त का भुगतान प्रथम किस्त के अनुरुप (कुल कीमत का 25 प्रतिशत) कलम बंधन (Grafting) की प्रक्रिया के पूर होने के पश्चात् माह 31 अक्तूबर 2026 में किया जाएगा।
    iii. शेष अंतिम राशि क़िस्त के रूप में निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण होने के पश्चात् समिति के अनुशंषा के उपरांत ही जारी किया जायेगा ।

**सामान्य शर्ते**

1. निविदा प्रपत्र (तकनीकी एवं वित्तीय) का मूल्य रु० 5000/- रुपये मात्र अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा।
2. निविदा प्रपत्र कृषि विज्ञान केंद्र, सबौर, भागलपुर के कार्यालय से दिनांक 15/04/2026 से प्राप्त किया जा सकेगा।
3. तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग लिफाफे में भरा जाएगा।
4. निविदा प्रपत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक होगा :-
    i. आधार कार्ड का छाया प्रति
    ii. Voter ID का छाया प्रति।
    iii. पैन कार्ड (PAN Card) का छाया प्रति।
    iv. नर्सरी का पंजीयन प्रमाण पत्र एवं जी०एस०टी० नम्बर का छाया प्रति।
    v. सरकारी / गैर सरकारी संस्थाओं में कलमी पौधे तैयार करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र।
    vi. विगत तीन वर्षों का Income Tax Return का छाया प्रति एवं नोटरी पब्लिक द्वारा जारी शपथ प्रमाण पत्र निविदादाता को संलग्न करना होगा कि कभी काली सूची में नहीं डाला गया है तथा आदेशित संख्यानुसार पौधे की आपूर्ति ससमय उल्लेखित नियम एवं शर्त के अनुकूल कर दी जायेगी।
5. भरा हुआ निविदा प्रपत्र तकनीकी एवं वित्तीय अलग-अलग लिफाफे में जमा करना होगा। जिस पर तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा स्पष्ट रुप से लिखा होना चाहिए।
6. भरा हुआ निविदा प्रपत्र बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक / कुरियर के माध्यम से प्रपत्र कृषि विज्ञान केंद्र, सबौर, भागलपुर-813210 के कार्यालय में दिनांक- 29/04/2026 (अपराह्न 5:00 बजे) तक जमा कराया जा सकता है।
7. किसी भी विवाद का निपटारा भागलपुर न्यायालय से ही किया जायेगा।